an>

Title: Issue regarding appointment of Group 'C' and Group 'D' employee in Daman and Diu.

श्री लालूभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को गंभीर समस्या के बारे में बताना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र, दमन-दीव में वर्ष 2006 तक ग्रुप "सी" और ग्रुप "डी" कर्मचारियों की जब-जब जरूरत पड़ती थी, तब-तब वहां के डोमीसाइल वासियों को भर्ती में प्राथमिकता मिलती थी, लेकिन कुछ समय से उन दोनों ग्रुपों में भरती करने के लिए ऑल-इंडिया स्तर पर विज्ञापन दिये जाने लगे हैं, जिसके कारण दमन और दीव के स्थानीय लोगों को बाहर से आये हुए उम्मीदवारों के साथ प्रतियोगिता करनी पड़ती है और उन्हें दमन-दीव की प्रशासन में नौकरी से वंचित रहना पड़ता है। मैं समझता हूं कि यह दमन-दीव के लोगों के साथ अन्याय है। वहां स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है।

मेरा आपके माध्यम से यह अनुरोध है कि वर्ष 2006 तक जिस तरह से कर्मचारियों को नियुक्त किया जा रहा था, उसी तरह उन्हें नियुक्त किया जाये और दमन-दीव के लोगों को प्राथमिकता दी जाये।